(c) The work is to planning stage, to be executed on deposit terms.

भूतपूर्व और वर्तमान संसद सदस्यों को रेल पास की सुविधाएं

807. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भूतपूर्व तथा वर्तमान संसद सदस्यों को प्रदान की जाने वाली रेल पास संबंधी सुविधाओं का ब्यौरा क्या है ;

(ख) इस संबंध में निर्धारित नियम क्या-क्या हैं; और

(ग) इस सुविधा का उपयोग करने वाले भूतपूर्व सांसदों की कुल संख्या कितनी है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कान्तु भरत लेंका) : (क) और (ख) संसद सदस्यों को रेलवे पासों की सुविधा समय-समय पर यथा संशोधित संसद सदस्य, वेतन, भत्ता और पेंशन अधिनियम, 1954 द्वारा शासित होती है, संसद सदस्य पहले दर्जे या वातानुकूल शयनयान में उसी दर्जे में एक साथी सहित यात्रा करने के पात्र हैं, संसद सदस्य वातानुकूल पहले दर्जे में वातानुकूल शयनयान में एक व्यक्ति सहित यात्रा करने के भी पात्र है, जिसके लिए उन्हें वातानुकूल पहले दर्जे और वातानुकूल शयनयान दर्जे के किरायों के बीच के अंतर का भुगतान करना होता है, लेकिन, यदि संसद सदस्य वातानुकूल पहले दर्जे में यात्रा कर रहे हैं और उनके साथ वातानुकूल शयनयान में कोई व्यक्ति नहीं है तो सदस्य को वातानुकूल पहले दर्जे के एक किराए और वातानुकूल शयनयान दर्जे के दो एकल किरायों के बीच के अंतर, यदि कोई हो, का भुगतान करना होगा, इसके अतिरिक्त, संसद सदस्य की पत्नी/पति प्रत्येक सत्र के दौरान एक बार सदस्य के सामान्य निवास स्थान से दिल्ली तक और वापस निवास स्थान तक पहले दर्जे या वातानुकूल शयनयान में यात्रा करने के लिए पात्र हैं।

भूतपूर्व संसद सदस्य पहले दर्जे या वातानुकूल शयनयान में उसी दर्जे में एक साथी सहित यात्रा करने के हकदार हैं।

(ग) 31-10-1993 को उन भूतपूर्व संसद सदस्यों की कुल संख्या 1169 है जिन्हें मुफ्त रेल यात्रा सुविधायें उपलब्ध कराई गई हैं।

राजधानी एक्सप्रेस रेलगाड़ियों से चेयरकार का हटाया जाना

808. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने राजधानी एक्सप्रेस रेलगाड़ियों से चेयर-कार को हटाकर उनकी जगह थ्री टियर शयनयान लगाने का निर्णय किया है ;

(ख) यदि हां, तो यह प्रतिस्थापन किस तारीख से आरंभ होगा तथा उन रेलगाड़ियों के नाम क्या हैं जिनमें ऐसी सुविधायें उपलब्ध कराये जाने की संभावना है ; और

(ग) अन्य ब्यौरा सहित उनका किराया कितना होगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका) : (क) से (ख) जी हां, 67 शायिकाओं वाले वातानुकूल 3 टियर कोच का एक प्रोटोटाइप निर्मित किया गया है और इसे सर्वप्रथम 2305/2306 नई दिल्ली-पटना-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस पर चलाने का प्रस्ताव है।

(ग) स्थल-दर-स्थल के आधार पर यथा अधिसूचित वातानुकूल 3-टियर शयनयान दर्जे के लिए राजधानी एक्सप्रेस के किराये नीचे दिए गए हैं :—